निबंधन संख्या पी0टी0-40

बिहार गजट

असाधारण अंक

बिहार सरकार द्वारा प्रकाशित

4 फाल्गुन 1947 (श0)

(सं0 पटना 214) पटना, सोमवार, 23 फरवरी 2026

सामान्य प्रशासन विभाग

आदेश

18 फरवरी 2026

सं० 3/एम0–22/2023–3463/सा0प्र0—राज्य सरकार के विभिन्न विभागों एवं क्षेत्रीय कार्यालयों में सेवानिवृत्त एवं भविष्य में सेवानिवृत्त होने वाले सरकारी सेवकों की सेवायें संविदा के आधार पर लिए जाने हेतु सामान्य प्रशासन विभाग के संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 द्वारा प्रक्रिया निर्धारित है। उक्त संकल्प के साथ संलग्न अनुसूची में सम्मिलित पदों पर ही संकल्प के प्रावधानों के तहत सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों का संविदा के आधार पर नियोजन किया जा सकता है।

2. सम्प्रति संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक–10.07.2015 की कंडिका–3(1) के प्रावधान के तहत सम्यक् विचारोपरांत निम्नांकित पद को उपर्युक्त संकल्प की अनुसूची में सम्मिलित किया जाता है–

क्र० सं०	विभाग का नाम	संकल्प संख्या–10000 दिनांक–10.07.2015 की अनुसूची में सम्मिलित किये जाने वाले पद
1.	मद्य निषेध, उत्पाद एवं निबंधन विभाग	(i) उच्च वर्गीय लिपिक उत्पाद, एवं (ii) प्रधान लिपिक उत्पाद।
2.	सहकारिता विभाग	(i) सांख्यिकी पदाधिकारी
3.	स्वास्थ्य विभाग	बिहार खाद्य संरक्षा सेवा के– (i) सहायक अभिहित अधिकारी', एवं (ii) अभिहित अधिकारी।

3. उपरोक्त पद पर सेवानिवृत्त सरकारी सेवकों के संविदा नियोजन हेतु संकल्प ज्ञापांक–10000 दिनांक 10.07.2015 में निहित शर्त्त एवं प्रक्रिया लागू रहेंगी एवं उक्त पद पर सेवा लेने के संबंध में प्रशासी विभाग द्वारा ही नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

आदेश से,
रजनीश कुमार,
सरकार के अपर सचिव।

अधीक्षक, सचिवालय मुद्रणालय,
बिहार, पटना द्वारा प्रकाशित एवं मुद्रित।
बिहार गजट (असाधारण) 214-571+10-डी0टी0पी0।
Website: https://egazette.bihar.gov.in